# राधारानी जी के प्रकटोत्सव पर हुआ अभिषेक, चांदी के पालना में झुलाया

**भरतपुर ( निस )।** लक्ष्मण मंदिर निकट स्थित प्राचीन मंदिर श्री राधारमण जी महाराज में राधा अष्टमी महोत्सव बडे ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम समाजसेवी डॉ. प्रदीप शर्मा एवं सुरेश मित्तल ट्रांसपोर्टर के आतिथ्य में मनाया गया। मं्त्री मोहन मित्तल ने बताया कि

■ **लक्ष्मण मंदिर निकट स्थित प्राचीन मंदिर श्री राधारमण जी महाराज में राधा अष्टमी महोत्सव बडे ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम समाजसेवी डॉ. प्रदीप शर्मा एवं सुरेश मित्तल ट्रांसपोर्टर के आतिथ्य में मनाया गया**

मंदिर प्रांगण में राधा अष्टमी महोत्सव के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित हुए। अल सुबह 4.30 बजे बरसाने वाली राधारानी जी के प्राकटोत्सव पर बृजभान नन्दनी का अभिषेक वेद मंत्रोच्चार द्वारा



**लक्ष्मण मंदिर निकट स्थित प्राचीन मंदिर श्री राधारमण जी महाराज में राधा अष्टमी महोत्सव बडे ही धूमधाम से मनाया गया।**

विधि विधान से पं वीरेन्द्र शर्मा, पं प्रेमी शर्मा, जितेन्द्र भारद्वाज, अशोक शर्मा, हर्षित शर्मा द्वारा दूध, दही, घी, शहद, बूरा, केशर, सरवोसकी आदि दिव्य पदार्थों से कराया। अभिषेक के समय श्रद्धालुओं का सैलाव उमड पडा। माहौल पूरी तरह भक्ति रसमय हो गया, बधाये गाये जाने लगे। राधे तेरी चरणों की धूल जो मिल जाये। राधा रानी के साल में एक बार चरण दर्शन होते हैं। जिनके दर्शन करने को भक्तगण आतुर थे। राधा रानी को चांदी के पालने में झुलाया। इस मौके पर भव्य फूल बंगला की सजावट कराई गई एवं सीटी, गुडिया, गेंद, बिस्कुट, ट्रोफी, झुनझुना की छैल लुटाई गई। राधारानी जी को नई पोशाक धारण कराकर आलोकिक श्रृंगार किया गया। महाआरती के बाद भक्तों को पंचामृत एवं माखन मिश्री की प्रसादी वितरित की गई। इस मौके पर डॉ. डी.डी. गोयल, भरतपुर जिला अग्रवाल महिला महासभा संरक्षक मिथलेश अग्रवाल, विनोद सिंघल, अर्जुन बंसल, महेशचंद सिंघल, प्रेम गोयल, रणजीत नगर इकाई अध्यक्ष एस.जी. जिंदल, वेद गुप्ता, देवेन्द्र गर्ग, विनोद मेडीकल, राम अवतार कोठारी, राकेश वस्त्र मंदिर, गोविन्द मैदा वाले, मुकेश अग्रवाल, आलोक बंसल, विनय चौधरी आदि मौजूद रहे। इसी प्रकार मंदिर श्री गोपाल जी नदिया भरतपुर स्थित श्री राधा जन्म महोत्सव आज धूमधाम से मनाया गया। श्री राधारानी की विशाल मूर्ति को दूध, दही, घी, शहद, बूरा, गुलाब जल, गंगाजल यमुना जल, से पंचामृत अभिषेक प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में किया गया तथा झांकी सजाई गई।

जिसमें श्री राधारानी के चरण दर्शन सभी भक्तों ने किये व महाआरती की गई। इसके बाद पंचामृत, माखन मिश्री प्रसाद वितरण किया गया। इसी प्रकार मंदिर श्री मदन मोहन जी टांडा में श्री राधाष्टमी का पर्व बड़े जोर शोर से धूमधाम के साथ मनाया गया। मन्दिर पुजारी दिगम्बर पण्डा ने प्रातः 4 30 बजे श्री जी का पंचामृत से महाभिषेक किया। किशोरी जी विशेष फूल बंगले में विराजमान हुई जिसे भक्तो ने बड़े प्रेम से दर्शन किये फूल बंगला मथुरा के कारीगरों द्वारा सजाया गया था। शाम मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। कार्यक्रम में दीपक पण्डा, कान्हा पण्डा, मयंक सोनी, गोपाल गर्ग, दिनेश सैनी, एवं मन्दिर के भक्तो द्वारा सहयोग किया गया।

## बैठक में योजनाओं की समीक्षा कर मौसमी बीमारी पर चर्चा

**नदबई ।** नदबई-बीसीएमओ कार्यालय में बुधवार को एडी.सीएमएचओ डॉं बी.एल.मीणा की अध्यक्षता में चिकित्साकर्मियों की बैठक हुई। जिसमें एडी.सीएमएचओ ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत योजनाओं का क्रियान्वन होने व मौसमी बीमारी से बचाव को लेकर ग्रामीणों को जागरुक करने व मरीजों को चिन्हित कर उपचार करने को कहा।

इससे पहले एडी.सीएमएचओ ने आरसीएच एक्टिविटी में कम उपलब्धि मिलने पर नाराजगी जताते हुए निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने व अनिमितता मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

बाद में विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए योजनाओं का क्रियान्वन करने व एएनसी, प्रसव, पीएनसी व परिवार कल्याण संबधित लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में बीसीएमओ डॉं राहुल कौशिक, बीपीएम प्रमोद मुद्गल, बीएनओ अनिल मुद्गल, एसआई मोहनसिंह मुद्गल, बीएचएस नीलम कुमारी, एमआई देवेन्द्र गुप्ता एवं पीएचसी प्रभारी व चिकित्साकर्मी मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### सड़क हादसे में कांस्टेबल की मौत



**करौली ( नि.स. )।** करौली-मंडारायल मार्ग स्थित खान की चैकी के पास एक निजी बस ने बाइक सवार लांगरा थाने के कॉन्स्टेबल को टक्कर मारी दी। हादसे में कॉन्स्टेबल की मौत हो गई। मृतक का शव मंडरायल अस्पताल कि मॉर्चरी में रखवाया गया। जहां पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। मंडरायल थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना की जानकारी मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकर लाल मीणा भी मौके पर पहुंचे और घटनाक्रम कि जानकारी ली। लांगरा थाना अधिकारी बासुदेव बसवाल ने बताया कि कॉन्स्टेबल गणेश मीणा 35 पुत्र हरभजन,निवासी डोमई थाना सरमथुरा किसी काम से बाइक से खान की चैकी तीन पोखर क्षेत्र में कोर्ट के आदेश की तामील कराने गया था। इस दौरान सरमथुरा मार्ग पर तीन पोखर के पास एक स्कूल बस ने मोटर बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक पर सवार कॉन्स्टेबल गणेश मीणा की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर लांगरा थाना और मंडरायल थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा मृतक के शव को मंडरायल अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां मृतक का पोस्टमॉर्टम कराया गया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मंडरायल थाना पुलिस मामले कि जांच कर रही है। कॉन्स्टेबल की मौत पर पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय,एएसपी शंकर लाल मीणा, पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम सहित मंडरायल,लांगरा थाना अधिकारी सहित जिले भर के पुलिस अधिकारी व पुलिसकर्मियों ने भी दुख प्रकट किया है।

### आरोपी पर 35 हजार का ईनाम घोषित

**भरतपुर ( निस )।** पुलिस महानिरीक्षक भरतपुर राहुल प्रकाश द्वारा पुलिस थाना मथुरा गेट, जिला भरतपुर में वांछित आरोपी पर 35 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया है। पुलिस महानिरीक्षक रेंज भरतपुर ने बताया कि योगेश पुत्र नेत्रपाल जाति ब्राह्मण निवासी गणेश बाल विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, नौंह, थाना चिकसाना पर 35 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया है। वांछित आरोपी को बंदी बनाने, बंदी करवाने के लिये सही सूचना देने अथवा बंदी करवाने वाले को नकद पारितोषिक प्रदान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी पर जिला पुलिस अधीक्षक गंगापुर सिटी द्वारा पूर्व में घोषित ईनाम राशि को निरस्त कर दिया गया है। पारितोषिक वितरण के संबंध में महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज का निर्णय अंतिम होगा।

### कामां में खोला कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र

**भरतपुर ( निस )।** समृद्ध भारत अभियान संस्था द्वारा कामां कस्बे के बड़ा मदरसा में निशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र खोला गया है। जिसका शुभारम्भ संस्था के निदेशक सीताराम गुप्ता ने किया। शुभारम्भ के अवसर पर निदेशक सीताराम गुप्ता ने कहा कि क्षेत्र के युवा आपराधिक गतिविधियों को छोड़ कर कम्प्यूटर जैसे स्वरोजगारपरक प्रशिक्षण प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि आज कम्प्यूटर का उपयोग सभी क्षेत्रों में होने लगा है ऐसी स्थिति में कम्प्यूटर प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार के अवसर आसानी से प्राप्त हो जाते हैं। उन्होने कहा कि आवश्यकता के अनुसार क्षेत्र में और कम्प्यूटर अथवा रोजगारपरक प्रशिक्षण केन्द्र खोले जायेगे। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में मछली पालन व मुर्गी पालन कार्यों की व्यापक संभावनाएं है। नई दिल्ली, हरियाणा व उत्तर प्रदेश राज्य निकट होने से इन दोनो व्यवसायों के उत्पादों की बिक्री आसानी से हो जाती है। शुभारम्भ के अवसर पर बृज मेवात जन जाग्रति अभियान के एम. जुबेर खान, मदरसा के मोहम्मद हारून, मुफ़्ती रिजवान, एडवोकेट साजिद खान, सत्तार खान आदि उपस्थित थे।

### शिक्षक संध ने सौपा ज्ञापन

**करौली ( नि.स. ) ।** राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के जिलाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री के नाम करौली उप जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन के माध्यम से तृतीय श्रेणी शिक्षक स्थानांतरण, पारदर्शी स्थानांतरण नीति,सभी ग्रेड में डीपीसी करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री,शिक्षामंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी पिंकी गुर्जर को जिलाध्यक्ष हरकेश सिंह गुर्जर एवं सभी संघ के पदाधिकारियो ने ज्ञापन दिया जिसमे गुर्जर ने बताया कि पिछली सरकार मे भी संघ ने अनशन ज्ञापन दिए लेकिन कुछ नहीं हुआ इस सरकार से हम उम्मीद करते है कि हमारी मांगो को जल्द से जल्द मानी जाये नहीं तो संघ ने 2 अक्टूवर को कार्य बहिष्कार कि योजना बनायीं है। ज्ञापन देने वाले जिलाध्यक्ष हरकेश सिंह गुर्जर,रामहरि फागना,पुष्पा, हेम सिंह,खुशीराम,सुभाष मीणा,अनिल गोले, मेखराम,अजय फागना,योगेंद्र, अबकेश उपस्थित रहे।

### निरीक्षण किया

**करौली( नि.स. )।** जिले में पीसीपीएनडीटी अधिनियम की पालना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सीएमएचओ डॉ दिनेश चंद मीणा ने सोनोग्राफी सेंटर का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। सीएमएचओ डॉ मीना द्वारा मंगलम क्लिनिक एवं सोनोग्राफी, भगवान महावीर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, सिंह हॉस्पिटल एंड सर्जरी सेंटर सहित जिला अस्पताल हिंडौन स्थित सोनोग्राफी सेंटर का निरीक्षण किया जहां उन्होंने सेंटर संचालक को पीसीपीएनडीटी एक्ट की पालना के निर्देश प्रदान कर रजिस्ट्रेशन रजिस्टर और फार्म एफ की स्थिति से अवगत हुए। पीसीपीएनडीटी समन्वय नगीना शर्मा ने एक्टिव ट्रेकर की जानकारी जुटाकर मुखबिर योजना की आईईसी प्रदर्शन बढ़ाने की आवश्यकता जताई।

### सौपा ज्ञापन

**करौली ( नि.स. )।** ग्रामीणों ने पांचना बांध पर्यटन विकास समिति के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह बैंसला के नेतृत्व में करौली दौरे पर आये प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म को ज्ञापन सौपा।

## विद्यालय में प्रवेशोत्सव समारोह सम्पन्न

**करौली ( नि.स. )।** एकट बोधग्राम के कार्यक्रम प्रभारी मनोज शर्मा ने बताया की नि:शब्द मूक बधिर विद्यालय में नए विद्यार्थियों के स्वागत समारोह कि स्वामी प्रवीर देव, जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी बबलू शर्मा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी इंद्रेश तिवारी ने माँ सरस्वती के चित्रपट्ट पर दीप प्रज्वलित कर शुरूआत कि गई। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा नए प्रवेशित 43 विद्यार्थियों को तिलक लगाकर,माला पहनाकर कर स्वागत किया विद्यालय के बालक बालिकाओं ने योगा प्रदर्शन सहित रंगारंग कार्यक्रमो की प्रस्तुति देते हुए सबको मंत्रमुग्ध कर दिया इस दौरान स्वामी प्रवीर देव ने कहा की संस्था द्वारा शिक्षा के साथ साथ अन्य विकास को भी कराया जा रहा है जो बच्चो की उन्नित के लिए कारगर साबित होगा साथ ही आयुर्वेद की कोई दवा की आवश्यकता होने पर बच्चो को निशुल्क दी जाएगी मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी इद्रेश तिवारी ने कहा कि सामान्य बच्चो जैसी क्षमताओ को विकसित कर संस्था द्वारा इनको शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का जो कार्य किया जा रहा है प्रशंसनीय हैं हम शिक्षा विभाग कि और से हर सम्भव मदद करते रहेंगे समाज कल्याण अधिकारी बबलू शर्मा ने विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा की पहली बार विद्यालय आकर बहुत अच्छा लगा बच्चो को हर गतिविधि से जोड़कर रखना बड़ा काम है योगाचार्य विनोद कुमार ने प्रवेशोत्सव कि महत्वता पर प्रकाश डालते हुए कहा की जब विद्यालय में योग शुरुआत कि तब सोचा भी नही की बच्चें योगा के इस मुकाम पर पहुँच जाएंगे आज हर विद्यार्थी योगा में निपुण है।

## महाविद्यालय विकास समिति की बैठक आयोजित

**भरतपुर ( निस )।** महाविद्यालय विकास समिति की आवश्यक बैठक महाविद्यालय की प्राचार्य एवं विकास समिति की अध्यक्ष डॉ. सुजाता चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। विकास समिति की सचिव डॉ करूणा गौर ने आमंत्रित सभी सदस्यों का स्वागत किया एवं विगत बैठक की कार्यवाही विवरण का वाचन किया। विकास समिति की कोषाध्यक्ष डॉ. निशा गोयल ने 1 अप्रैल 2022 से 31 अगस्त 2024 तक की आय-व्यय विवरण का लेखा प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ चौहान ने सर्वप्रथम महाविद्यालय में विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में स्नातकोत्तर कक्षाऐं प्रारम्भ होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने वर्तमान सत्र में महाविद्यालय के समुचित विकास हेतु समिति के सौजन्य से की जा रही



विभिन्न गतिविधियों, कार्यकलापों एवं कार्यों का विस्तार से एजेण्डा प्रस्तुत किया। इस बैठक में डॉ उमेश चतुर्वेदी सेवानिवृत्त प्राचार्य, डॉ. हेमन्त महावर, सहायक निदेशक, कॉलेज शिक्षा विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय, उषा अग्रवाल, सेवानिवृत्त प्राचार्य, पारूल अग्रवाल, अभिभावक प्रतिनिधि, बुलबुल एम.ए उत्तरार्द्ध (संस्कृत) छात्रा प्रतिनिधि, योगेश कुमार खण्डेलवाल कनिष्ठ अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, सर्किल भरतपुर, डॉ करूणा गौर (सचिव महाविद्यालय विकास समिति), डॉ निशा गोयल, (कोषाध्यक्ष महाविद्यालय विकास समिति), डॉ. मधु शर्मा (विशेष आमंत्रित सदस्य), वरिष्ठ संकाय सदस्य, डॉ लाला शंकर आईक्यूएसी सदस्य दीपक कुमार (विशेष आमंत्रित सदस्य) की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## महिला की मौत पर परिजनों का प्रदर्शन

**हिंडौन सिटी ।** शहर के महवा-करौली बायपास मार्ग स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती महिला की तबीयत बिगड़ने पर जयपुर रैफर के दौरान मौत हो गई।

जिसके बाद बुधवार को परिजन अस्पताल के बाहर बैठकर प्रदर्शन करने लगे। इस मामले में परिजनों ने नई मंडी थाना में हॉस्पिटल संचालक और स्टाफ के खिलाफ शिकायत दी है। परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही के आरोप लगाकर हिंडौन-महवा सड़क मार्ग पर जाम लगा दिया। डीएसपी गिरधर सिंह ने प्रदर्शन कर रहे मृतका के परिजनों से समझाइश कर जाम खुलवाया। जिसके बाद शव लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम कराया गया। नई मंडी थाना के सब

■ **परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही के आरोप लगाकर हिंडौन-महवा सड़क मार्ग पर जाम लगा दिया**

इंस्पेक्टर सोहन सिंह ने बताया कि मृतका रावण की रुंडी निवासी मुस्कान पत्नी शाहरुख है। महिला मुस्कान की मौत जयपुर में उपचार के दौरान हुई है। परिजनों का आरोप है कि 5 सितंबर को महिला मुस्कान को बुखार आने पर उसके पति व ससुर ने महवा-करौली बायपास स्थित एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। जिसमें 3 दिन तक महिला को भर्ती रखा गया। इस दौरान उसके शरीर पर सूजन आने लगा तो अस्पताल प्रबंधन ने जिसमें 11 सितंबर सुबह करीब 11 बजे महिला की जयपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई। जिसके बाद परिजन शव लेकर हिंडौन पहुंचे और निजी हॉस्पिटल में पहुंच उपचार में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। परिजनों का आरोप है कि महिला के उपचार में उक्त निजी हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने लापरवाही बरती। जिसके कारण उसकी तबीयत बिगड़ गई। इस दौरान मृतका के क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। जिसके बाद लोगों ने जाम लगाकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। मौके पर नई मंडी थाना पुलिस पहुंची। वहीं डीएसपी गिरधर सिंह भी पहुंच गए। उन्होंने उचित कार्यवाही का आश्वासन देकर जाम खुलवाया।

## मजिस्टेट नियुक्त

**करौली( नि.स. )।** जिला मजिस्टेट नीलाभ सक्सेना ने बताया कि जिले मे 13 सितम्बर को रामदेव जयंती, 16 सितम्बर को बारावफात व 17 सितम्बर को अनंत चतुर्दशी का त्योहार मनाया जायेगा। उक्त त्योहारो पर धार्मिक स्थलों पर लोग एकत्रित होते है। इस संबंध मे जिला मजिस्टेट ने कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु समस्त उपखंड मजिस्टेट को उनके संबंधित क्षेत्र हेतु नियुक्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये है। इसके अलावा उन्होने कहा कि संबंधित तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्टेट अपने अपने क्षेत्र के उपखंड मजिस्टेट के निर्देशन मे कानून व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने समस्त उपखंड मजिस्टेटों, तहसीलदारों व समस्त नायब तहसीलदरों को बिना अनुमति मुख्यालय नही छोड़ने के भी निर्देश दिये है।

## ग्रामीण स्वच्छता पर यूनिसेफ द्वारा दिया प्रशिक्षण

**करौली( नि.स. )।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के द्वितीय चरण में जिले के प्रत्येक गांव को ओ.डी.एफ. प्लस की उत्कृष्ट श्रेणी में लाने हेतु निदेशालय स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एव यूनिसेफ राजस्थान के सहयोग से तथा ए.सी.ई. संस्था के द्वारा जिले कि सभी पंचायत समितियों के विकास अधिकारी, चयनित सरपंचों व सचिवों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन होटल करौली इन में किया गया।

इस अवसर पर ए.सी.ई. संस्था के कार्यकारी निदेशक तथा समन्वयक एवं यूनिसेफ के सलाहकारों ने बताया। उन्होंने ग्रामीण स्वच्छता के स्थायीत्व को लेकर व स्वच्छता के सातों घटकों में जिले की स्थिति ओ.डी.एफ. प्लस के स्थायीत्व के लक्ष्य की प्राप्ति मे आ रही बाधाओं को दूर कर स्वच्छ व आदर्श गांव एवं ग्राम पंचायत बनाने हेतु तकनीकी एवं अन्य तरीकों पर प्रतिभागीयों को प्रेजेंटेशन द्वारा विस्तृत जानकारी दी।

ग्राम पंचायतों के द्वारा आगामी तीन माह का एक्शन प्लान बनाकर,साझा किए गये कलेक्टर के मार्गदर्शन में मुख्य कार्यकारी अधिकारी,डी.पी.सी. एवं टीम द्वारा,ग्रामीण क्षेत्र में सभी घटकों में स्वच्छता के स्थायीत्व को बढ़ाने के ओर भी सटिक प्रयास,यूनिसेफ एवं ए.सी.ई. संस्था के सहयोग से किये जा रहे हैं।

## खिलाड़ी आने वाली प्रतियोगिताओं में भी जिले और प्रदेश का नाम रोशन करें

**सूरौठ।** कस्बे के नेहरू पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय में गत दिनों से आयोजित हो रही जिला स्तरीय छात्र वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित तहसीलदार रेनू चौधरी ने मेधावी खिलाड़ी विद्यार्थियों से आने वाली राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में जिले का नाम रोशन करने की अपील की आयोजित समापन समारोह के दौरान विजेता और उप विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए तहसीलदार चौधरी ने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में जीत खिलाड़ी के लिए आखिरी नहीं होती है वह आने वाली प्रतियोगिताओं के लिए पूरे जोश और जुनून के साथ जुट जाएं जिससे वह अपनी यह सफलता का क्रम लगातार जारी रख सके उन्होंने खिलाड़ी छात्रों से कहा कि अपने जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपने खेल कौशल के दम पर पहला स्थान हासिल कर लिया है या जिले की टीम में जगह बना ली है तो वे खिलाड़ी आने वाली प्रतियोगिताओं में भी इसी तरह जीत को हासिल कर सके इसके लिए पूरे जुनून के साथ अपने खेल कौशल का निखार में जुड़ जाना चाहिए आयोजित कार्यक्रम के दौरान नेहरू उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरोठ के सलाहकार पुरुषोत्तम शर्मा, रमाकांत गुधैनियां, एवं मीडिया प्रभारी नरेंद्र बाबा ने जानकारी



**समापन समारोह के दौरान विजेता और उप विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए तहसीलदार चौधरी।**

देते हुए बताया कि शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित 68 वीं जिला स्तरीय छात्र वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में टेबल टेनिस बास्केटबॉल फुटबॉल बैडमिंटन व ताइक्वांडो की प्रतियोगिताएं हुई जिसमें टेबल टेनिस 17 वर्ष में प्रथम स्थान सर्वोदय बाल विद्या मंदिर क्यारदा कला द्वितीय स्थान राजकीय विद्यालय रघुवंशी और तृतीय स्थान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नई मंडी ने हासिल किया इसी तरह बास्केटबॉल 17 वर्ष में प्रथम स्थान केला देवी उच्च माध्यमिक विद्यालय द्वितीय स्थान विवेकानंद विद्यालय और तृतीय स्थान राजकीय विद्यालय सुरोठ ने हासिल किया इसी प्रकार फुटबॉल 17 वर्ष में प्रथम स्थान स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल करौली द्वितीय स्थान सर्वोदय उच्च माध्यमिक विद्यालय और तृतीय स्थान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोमला बैडमिंटन में 17 वर्ष में प्रथम स्थान सर्वोदय बाल विद्या मंदिर द्वितीय स्थान एम आई एस हिंडौन और तृतीय स्थान निर्मल हैप्पी हिंडौन इसी तरह ताइक्वांडो के अलग-अलग बजन में अलग-अलग विद्यालयों की टीमों ने प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल किया इसी तरह 19 वर्ष आयु वर्ग में टेबल टेनिस में प्रथम स्थान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नई मंडी द्वितीय स्थान राजकीय विद्यालय सुरोठ और तृतीय स्थान महात्मा गांधी करसौली ने हासिल किया इसी प्रकार फुटबॉल 19 वर्ष में प्रथम स्थान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मुकुंदपुरा द्वितीय स्थान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुरोठ तृतीय स्थान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तिगरिया ने हासिल किया बैडमिंटन 19 वर्ष में प्रथम स्थान सर्वोदय विद्यालय द्वितीय स्थान निर्मल हैप्पी और तृतीय स्थान खेड़िया ने हासिल किया आयोजित कार्यक्रम में सभी टीमों को शील्ड और स्मृति चेन्या प्रदान कर सम्मानित किया गया इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता चरण सिंह रिटायर्ड अध्यापक ने की तो वही विशिष्ट तिथि के रूप में शारीरिक शिक्षा के व्याख्याता मुरारी लाल शाक्यवाल ,पर्यवेक्षक पमेंद्र कौशिक रहे। आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला शारीरिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष राजेश सहारिया , राजस्थान शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र बाबा शारीरिक शिक्षक संगठन के जिला अध्यक्ष लोकेश मीणा, महेंद्र गौतम , अनिल शर्मा,निहाल सिंह,का किया राजेंद्र शर्मा रमाकांत शर्मा रघुराज सिंह सुरेंद्र बृजेश शर्मा बनवारी लाल , राकेश गुर्जर ,अमर सिंह नरेंद्र आदि ने अतिथियों का स्वागत किया समापन समारोह में विद्यालय के छात्राओं की ओर से विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक मधुसूदन शर्मा ने पधारे हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया और आभार व्यक्त किया मंच संचालन फिजिकल टीचर वेद रत्न जैमनी ने किया ।

ध्वज अबतरन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ । इस अवसर पर विपिन शर्मा, नील कमल, शारीरिक शिक्षक महेश तिवारी , युधिष्ठिर भाकर, देवेंद्र शर्मा, मदन मोहन , युधिष्ठिर भाकर, बलराम फतेह राम, सतवीर विक्रम, गुरुदत्त आदि उपस्थित रहे ।

## आधा दर्जन सम्पत्तियों को निगम ने किया सीज



**नगर निगम की राजस्व टीम ने शहर के आधा दर्जन सम्पत्तियों को सीज किया ।**

**भरतपुर ( निस )।** नगर निगम की राजस्व टीम ने बुधवार को नगरीय विकास कर जमा न कराने के कारण शहर के आधा दर्जन सम्पत्तियों को सीज किया है। सीज की कार्यवाही आयुक्त प्रशिक्षु आईएएस राहुल श्रीवास्तव के नेतृत्व में की गई। आयुक्त ने बताया कि इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी, कुछ संस्थान शेष है, जिन्हें बार-बार यूडी टैक्स जमा कराने के लिए कहा जा रहा है, यदि फिर भी वे नहीं मानते हैं तो उनके खिलाफ भी सीज की कार्यवाही की जायेगी। नगर निगम आयुक्त राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि सातों प्रोपर्टी मालिकों से बार-बार मौखिक, लिखित सूचना देकर नगरीय विकास कर जमा कराने के लिए कहा गया था। लेकिन उनकी ओर से कोई सकारात्मक जबाव नहीं आया, इसके बाद राजस्व टीम को सभी औपचारिकताऐं पूर्ण करते हुए सीज करने के निर्देश जारी किये थे। जिय पर आरडी मार्बल पर यूडी टैक्स के 10,68,097 रूपये, गोयल टाइल्स पर यूडी टैक्स का 12,31,141 रूपये, ब्रजेश ट्रेडिंग कंपनी पर यूडी टैक्स का 11,22,758 रूपये, बाटा एक्सक्लूसिव स्टोर पर यूडी टैक्स का 11,71,505 रूपये, भारत गुड्स ट्रांसपोर्ट पर यूडी टैक्स का 9,05,566 रूपये एवं सैनी स्टोन बिल्डिंग मैटेरियल पर यूडी टैक्स का 19,16,792 रूपये बकाया होने पर कार्यवाही की गई। आयुक्त राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि सीज की कार्यवाही के दौरान सुरभि टाटा मोटर्स संचालक द्वारा मौके पर ही 5,88,808 रूपये का चेक देने के कारण सीज की कार्यवाही को स्थगित कर दिया है।